तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 निगम की प्रापर्टी में आमदनी अठन्नी खरचा रुपैया...
12 आदर्श मतदान केंद्र में सुविधा और सुकून के बीच ...





# शांतिपूर्ण मतदान के बाद कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगर पालिका परिषद् बेमेतरा और जिले की 09 नगर पंचायतों में 11 फरवरी संपन्न हुए नगरीय निकाय में शांतिपूर्ण चुनाव के बाद, सभी मतदान दलों ने देर रात 10 बजे तक कृषि उपज मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) जमा की। नगर पालिका क्षेत्र के 21 वार्डों के लिए बनाए गए 36 मतदान केंद्रों की ईवीएम को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में रखा गया। इसके साथ ही जिले के 09 नगर पंचायतों मे भी ईव्हीएम को सील किया गया और सुरक्षित स्ट्रॉन्ग रूम में रखा गया । मतदान के बाद, सभी मतदान दलों ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए मतदान सामग्री को सुरक्षित रूप से स्ट्रांग रूम में पहुंचाया। इससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित हुई। मतदान के पश्चात, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के निर्देशों पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग एवं नगर पालिका परिषद की रिटर्निंग अधिकारी दीप्ति वर्मा की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों के सामने स्ट्रांग रूम को सील किया गया। साथ ही, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए उसे ईंटों की दीवार से घेर दिया गया। बता दें मतगणना 15 फरवरी 2025 को होगी, और उसी दिन ईवीएम खोले जाएंगे। इससे पहले, जिले की 09 नगर पंचायतों में भी ईवीएम को सील कर सुरक्षित स्ट्रांग रूम में रखा गया है। इस प्रक्रिया से यह सुनिश्चित होता है कि चुनाव परिणामों की घोषणा तक ईवीएम की सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहे, जिससे लोकतंत्र की मजबूती और नागरिकों का विश्वास सुनिश्चित होता है।

## अब परिणाम का इंतजार, 15 फरवरी को की जाएगी मतों की गिनती





## 77.44 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का उपयोग

बता दें कि बेमेतरा जिले में मतदान का कुल प्रतिशत 77.44% रहा, जो कि मतदाताओं के भारी उत्साह को दर्शाता है। कुल 58,163 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। इनमें 28,747 पुरुष और 29,416 महिलाएं शामिल थीं। निकायवार मतदान प्रतिशत अंतर्गत नगर पालिका बेमेतरा में 71.68 प्रतिशत, बेरला में 79.52, साजा में 75.61, थानखम्हरिया में 78.46, देवकर में 79.42, परपोड़ी में 86.95, नवागढ़ में 75.66, दाढ़ी में 83.25, भिंभौरी में 89.18 और सबसे अधिक कुसमी में 90.90 मतदान हुआ ।

## खबर संक्षेप

### ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो लोगों की मौत

**बालोद।** एनएच–30 पर राजाराव पठार के पहले ग्राम करेंझर के पास ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार सतनाम दास गेंदले और गजेन्द्र सोरी की मौत हो गई। पुरूर थाने में ट्रक चालक के खिलाफ धारा 106 (1), 281 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। 21 वर्षीय चैतन्य रामटेके ने बताया कि 9 फरवरी को दोपहर 1 बजे दोस्त बुधराम मरकाम, गजेन्द्र सोरी निवासी सियादेही धमतरी और सतनाम दास गेंदले निवासी अर्जुन्दा के साथ दो स्कूटी में सियादेही धमतरी से पर्यटन स्थल टाटामारी कोण्डागांव घूमने गए थे। वहां से रात में घर जा रहे थे। एक स्कूटी को सतनाम दास गेंदले चला रहा था। पीछे गजेन्द्र सोरी बैठा था। रात 8.30 बजे राजाराव पठार से पहले करेंझर के पास चारामा की ओर से आ रहे ट्रक चालक ने स्कूटी को टक्कर मार दी।

### पेट्रोल पंप से खड़ी दुपहिया की चोरी

**बालोद।** अंजली पेट्रोल पंप नाहंदा के पार्किंग में खड़ी स्कूटी को अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली। इस संबंध में थाना देवरी में रिपोर्ट दर्ज कराने पर अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। ग्राम नाहंदा निवासी पेट्रोल पंप के मैनेजर ईश्वरी प्रसाद यादव (इशु) ने बताया कि 6 फरवरी को दोपहर अंजली पेट्रोल पंप नाहंदा में अपना स्कूटी क्र. सीजी 24 यू 9028 को खड़ा किया था। चाबी गाड़ी में ही लगी थी। उसी दिन शाम स्कूटी को देखा, जिसमें हेंडल लॉक था चाबी नहीं थी। चाबी नहीं होने से कंपनी की गाड़ी में घर चला गया और स्कूटी पार्किंग में खड़ी थी। 7 फरवरी की सुबह पेट्रोल पंप के कर्मचारी अजय साहू ने फोन कर बताया कि आपकी गाड़ी नहीं दिख रही है। तब मैं पेट्रोल पंप पहुंचा, जहां स्कूटी नहीं थी।

### खेत से सोलर पंप का कंट्रोलर व एमसीबी चोरी

**बालोद।** ग्राम चंदनबिरही के किसान के खेत में 35 हजार रूपये की लागत से लगे सोलर पंप के पांच एचपी के कंट्रोलर एवं एमसीबी को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुण्डरदेही थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**आरोप : ग्राम पिपरोलडीह के पास शव देख फैली सनसनी**

# फोन आने पर बेटी को लेने गए पिता देर तक नहीं पहुंची, सुबह मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

ब्लॉक एवं थाना बेरला के अंतर्गत ग्राम पीपरोलडीह की आंवला बाड़ी में फांसी के फंदे में लटकी युवती का शव मिला है। इससे आस-पास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई है। बेरला थाना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाहन्दा से मृतका पार्वती सोनवानी 20 वर्ष पिता श्यामलाल सोनवानी के रूप में पहचान हुई है।

- **बेरला पुलिस ने कहा- प्रथम दृष्टया आत्महत्या का लग रहा मामला**

मिली जानकारी के अनुसार मृतका पार्वती सोनवानी प्रतिदिन ग्राम पाहन्दा से अपने पिता के साथ ग्राम पिपरोलडीह बस स्टैंड चौक आती थी। वहां से सुबह 8 से 9 बजे बस में बैठकर भवानी हॉस्पिटल बेरला नर्सिंग होम काम करने जाती थी। प्रतिदिन की तरह 8 फरवरी को शाम 4:30 से 6 बजे के बीच पार्वती ने अपने पिता को पिपरोलडीह आने के लिए फोन किया। उनके पिता श्यामलाल सोनवानी पिपरोलडीह बस स्टैंड चौक पहुंचकर बेटी का इंतजार करने लगे। बहुत देर तक इंतजार करने के बाद भी जब वह नहीं पहुंची, तो उन्हें चिन्ता सताने लगी। फिर उन्होंने सोचा कि पार्वती अपनी सहेलियों के पास गई होगी। लेकिन किसी के घर नहीं जाने की जानकारी मिलने पर उनकी चिंता बढ़ गई। वहीं, रात्रि बीतने के बाद 9 फरवरी को अचानक ग्राम पिपरोलडीह में आंवला के बाड़ी के पास सुबह कुछ लोगों ने पेड़ पर फांसी के फंदे पर लटकी हुई युवती की लाश देखी। इससे ग्रामीणों में अफरा तफरी व सनसनी फैल गई। उसके बाद ग्रामीणों ने कोटवार व बारगांव के पूर्व सरपंच को जानकारी दी। थाना बेरला पुलिस की टीम को जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा बनाया। उसके बाद पीएम के लिए भेजा गया। बेरला थाना प्रभारी मयंक मिश्रा ने बताया कि मृतका की पहचान पार्वती सोनवानी उम्र 20 पिता श्यामलाल सोनवानी ग्राम पाहंदा निवासी के रूप में की गई है। साथ ही इसकी जांच के लिए स्पेशियलिटी के अनुसार प्रथम दृष्टया आत्महत्या प्रतीत हो रहा है। फिलहाल मर्ग कायम कर जांच में ले लिया गया है।

## पिता ने कहा- मेरी बेटी जान नहीं दे सकती, यह हत्या है



### गले में फंदा, जमीन पर बैठी हुई अवस्था में मिली युवती की लाश

उधर, फंदे पर मिले शव को लेकर मृतका के पिता ने कहा कि मेरी बेटी आत्महत्या नहीं कर सकती, यह हत्या है। उन्होंने इस मामले को पुलिस प्रशासन द्वारा गंभीरता से लेते हुए जांच करने का आग्रह किया है। साथ ही प्रत्यक्षदर्शियों का मानना है कि पार्वती सोनवानी की लाश जिस पेड़ पर लटकी व जमीन से बैठी हुई स्थिति में थी, इससे नहीं लगता कि उसने आत्महत्या की होगी। शव को देखे जाने के बाद लोगों का कहना है कि लड़की के बालों में पत्ते का चिपकना, धूल, उसकी नाक से खून आने के साथ ही आसपास शराब की बोतल और पानी पाउच पड़े होने से ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे किसी ने हत्या करने के बाद शव को फांसी के फंदे पर लटकाया गया हो। इस घटना ने पुलिस प्रशासन के समक्ष चुनौती खड़ी कर दी है। वहीं, कथित तौर पर एक और जानकारी मिल रही है कि युवती का मोबाइल गायब है।

# बदलते मौसम के साथ माथे पर छलकने लगा पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



लगभग पूरी शीत ऋतु के दौरान लोगों को कभी कंपकपाने तो कभी भिगाने वाला मौसम, अब चिलचिलाती धूप में लोगों को झुलसाने लगा है। आलम ये है कि फरवरी माह दूसरे सप्ताह के शुरुआती दिनों से ही लोगों के माथे से पसीना छलकने लगा है और उन्हें अब चिलचिलाती धूप चुभने लगी है। गौरतलब है कि बसंत ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही अंचल के मौसम ने एक बार फिर अपना मिजाज बदल दिया है। हालांकि अभी भी मौसम में ठंडकता शेष रह गई है। लेकिन, इस ठंड का एहसास अब सिर्फ मध्य रात्रि के बाद और सूर्योदय के पूर्व ही हो रहा है, वह भी न के बराबर। वहीं जहां तक दिन की बात की जाए तो अब भोर फटने के साथ ही चिलचिलाती धूप खिल रही है जो दोपहर होते-होते लोगों को चुभने लगती है। आलम ये है कि कुछ दिनों पूर्व तक गुनगुनी धूप में बैठकर आनंद लेने वाले अब इससे तौबा करने लगे हैं और बाहर निकलने के पूर्व धूप से बचने के उपाय कर रहे हैं। मौसम के इस मिजाज को देखकर ऐसा अनुमान लगाया है रहा है कि हर बार की तरह इस बार भी ग्रीष्म ऋतु अपने पूरे सवाब पर रहेगी और आने वाले मार्च, अप्रैल, मई, जून, के महिने में अंचलवासियों को जमकर झुलसायेगा।

- **बसंत ऋतु प्रारंभ होने के साथ ही मौसम ने लिया यू टर्न**

### बाजार में भी दिखने लगी ग्रीष्म ऋतु, ठंडे पेय पदार्थ की बिक्री शुरू

मौसम के बदलते तेवर को देखते हुए बाजार में भी ऋतु परिवर्तन नजर आने लगा है। कुछ दिनों पूर्व तक जहां नगर के बाजार में जहां-तहां गर्म कपड़ों की दुकान नजर आया करती थी, वहीं अब गन्ना रस, कोल्ड ड्रिंक, जूस आदि की दुकानें नजर आने लगी हैं। हालांकि शुरूआती दौर में इनकी संख्या कम है, लेकिन कुछ दिनों में इनकी संख्या तेजी से बढ़ जायेगी ।

# बोर्ड परीक्षा वाले सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से अगली कक्षा के लायक तैयार करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे की अध्यक्षता में जिले के समस्त संकुल प्राचार्यों का बैठक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक स्कूल बेमेतरा में रखा गया। इसमें मुख्य रूप से दसवीं-बारहवीं कक्षाओं के प्री बोर्ड परीक्षा के संदर्भ में गहन पूछताछ, विचार, सलाह, उचित कदम उठाने कहा गया। बोर्ड परीक्षा के सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से अगली कक्षा के लायक पढ़ाई, व्यवस्था, सही मार्गदर्शन, सुविधाओं, समुचित समय के साथ व्यवस्था, सभी विषयों की संपूर्ण तैयार किया जाए। आने वाले कक्षा पांचवी व कक्षा आठवीं के भी बोर्ड परीक्षा केंद्र व केंद्राध्यक्ष का नाम, समुचित व्यवस्था, पर्याप्त समय, स्कूल गणवेश में, समयानुसार मध्याह्न भोजन की व्यवस्था, कमजोर बच्चों के लिए अलग से समय निकालकर उसे पुनः प्रयास हेतु पूरक परीक्षा का आयोजन करके शत प्रतिशत परिणाम आने चाहिए। बेमेतरा जिला अपार आईडी में राज्य प्रथम स्थान पर आने के लिए सभी प्राचार्य और बीईओ को धन्यवाद दिया। शाला अनुदान राशि का समुचित ढंग से नियमानुसार खर्च करके बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जाए। छात्रवृत्ति, स्कूल भवन, शौचालय निर्माण मरम्मत, बिजली बिल भुगतान, सेवानिवृत्ति पूर्ण पेंशन प्रकरण, उल्लास कार्यक्रम, जाति, निवासी, आय प्रमाण पत्रों का शत प्रतिशत समयानुसार अनिवार्यता पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इस बैठक में सहायक संचालक एसपी कोशले, जिला मिशन समन्वयक डीएमसी नरेन्द्र वर्मा, प्राचार्य संतराम साहू, एमआईएस प्रशासक खिरामन वर्मा, निहिल वर्मा, चारों विकास खंड शिक्षा अधिकारी, निलेश चंद्रवंशी साजा, एल एन बांधे नवागढ़ जयप्रकाश करमाकर बेरला और अरुण खरे बेमेतरा सहित सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी, कार्यालय बाबू व अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

- **जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी प्राचार्यों व बीईओ की बैठक में दिए निर्देश**

### पिरदा में भाजपा कार्यकर्ता सम्मान समारोह आज

**बेमेतरा।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं, शक्ति केंद्र प्रभारियों एवं बूथ अध्यक्षों ने अपनी पूरी निष्ठा और परिश्रम लगाया है, उनके सम्मान में एक भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 13 फरवरी गुरुवार को सुखमयी भवन, पिरदा में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में दुर्ग से सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। साथ ही विधायक दीपेश साहू, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिला अध्यक्ष अजय साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, महामंत्री नरेंद्र वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत वर्मा एवं मंडल अध्यक्ष सूर्यकांत नायक, भाजपा किसान नेता व सर्व हिन्दू संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत कई हस्तियां उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के बारे में कल्पना योगेश तिवारी ने बताया कि बेमेतरा से जुड़े पार्टी के वे सभी छोटे बड़े कार्यकर्ता जिन्होंने कई सालों से कड़ी मेहनत व लगन से पार्टी को इस क्षेत्र में मजबूत किया है, यह सम्मान कार्यक्रम उनके कई सालों की मेहनत को प्रणाम करने का एक छोटा प्रयास है। कार्यक्रम स्थल सुखमयी भवन, पिरदा में आयोजित है। इस सम्मान समारोह में बेमेतरा जिले के हजारों कार्यकर्ता, पार्टी से जुड़े क्षेत्रीय नेता एवं आमंत्रित अतिथि शामिल होंगे।

# निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया के लिए चुनाव प्रेक्षक ने की सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 के तहत, 11 फरवरी मतदान के बाद बुधवार को जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी द्वारा एक महत्वपूर्ण संवीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में रिटर्निंग अधिकारी और सभी अभ्यर्थियों की उपस्थिति में मतदान प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

- **मतदान की संवीक्षा बैठक में अधिकारी-कर्मचारियों को दी बधाई**

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, जिले में हुई इस संवीक्षा बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग ने जिले में हुए मतदान का विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जिले के सभी नगरीय निकायों में औसतन 77.44 प्रतिशत मतदान हुआ है, जो कि निर्वाचन प्रक्रिया में जनता की सक्रिय भागीदारी को दर्शाता है। जिले के किसी भी मतदान केन्द्र से किसी भी प्रकार की गंभीर शिकायत प्राप्त नहीं हुई और मतदान कार्य शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ।

प्रेक्षक अमिताभ बाजपेयी ने निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिले के सभी अधिकारी, कर्मचारी, राजनीतिक दलों और अभ्यर्थियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सफल चुनाव प्रक्रिया में सभी का योगदान सराहनीय है और आगे की प्रक्रिया में भी इसी तरह का सहयोग अपेक्षित है। बैठक में नगरीय निकाय के रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्र के मतदान प्रतिशत की जानकारी दी गई। साथ ही अभ्यर्थियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए और कुछ महत्त्वपूर्ण सुझाव भी दिए, जो भविष्य की निर्वाचन प्रक्रियाओं को बेहतर बनाने में सहायक हो सकते हैं। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, नगरीय निकायों के अध्यक्ष पद और पार्षद पद के अभ्यर्थी भी उपस्थित रहे। बैठक में शांतिपूर्ण वातावरण और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए सभी संबंधित पक्षों की प्रशंसा की गई।

**स्ट्रांग रूम पहुंचाई गईं ईवीएम रखी जा रही कड़ी निगरानीः बालोद।** नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के अंतर्गत जिले के सभी 08 नगरीय निकायों में 11 फरवरी को शांतिपूर्वक मतदान हुआ। उसके बाद मतदान दलों की सामग्री जमा केंद्र में सफलतापूर्वक वापसी हुई। जिले के सभी नगरीय निकायों में मतदान सामग्रियों यथा ईवीएम मशीन एवं बैलेट यूनिट को सुरक्षित रखने स्ट्रांग रूम बनाया गया है।


हरिभूमि पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# डेयरी पॉलीटेक्निक के छात्रों ने लगाए दुग्ध उत्पादों के स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समीपस्थ ग्राम चोरभट्ठी स्थित जिले के एकमात्र शासकीय डेयरी पॉलीटेक्नीक के विद्यार्थियों द्वारा प्रयोगशाला में निर्मित डेयरी प्रोडक्ट्स पनीर, रबड़ी, एवं व्हे ड्रिंक के स्टाल लगाए जा रहे हैं। यहां स्टॉल में प्रोडक्ट्स को उपभोक्ताओं का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। डेयरी पॉलीटेक्नीक बेमेतरा के विद्यार्थियों द्वारा प्रोफेसर प्रीति खूंटे, अनुभूति द्विवेदी, निकिता शर्मा के मार्गदर्शन में प्रयोगशाला में विभिन्न प्रकार के दुग्ध उत्पादों का निर्माण किया जाता है और उन्हें विभिन्न स्थानों पर स्टाल लगा कर उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराया जाता है।

- **डाइट बेमेतरा के छात्राध्यापकों व अकादमिक सदस्यों को उपलब्ध कराए गए उत्पाद**



बुधवार को छात्रा नेहा नामदेव, हेमंत रजक, भुवनेश्वर लदेल ने स्टॉल लगाकर अपने उत्पाद का प्रदर्शन किया। इससे एक ओर जहाँ विद्यार्थियों को अपने द्वारा निर्मित डेयरी प्रोडक्टस की गुणवक्ता के बारे में उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया प्राप्त होती है, वहीं दूसरी ओर दुग्ध उत्पादों के विपणन का प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाता है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को शुद्ध और मिलावट रहित उत्कृष्ट स्तर के डेयरी उत्पाद उचित मूल्य पर मिल जाते हैं।

### लोगों ने की प्रशंसा

इस कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में प्रोडक्ट्स को छात्राध्यापकों एवं अकादमिक सदस्यों को उपलब्ध कराया गया। प्रोफेसर प्रीति खूंटे ने बताया कि डेयरी सेक्टर में युवाओं के लिए विभिन्न रूप में लगातार रोजगार के अवसर बढ़ रहे हैं। विद्यार्थी अपनी कुशलता और योग्यता को बढ़ाकर इस सेक्टर में डेयरी टेक्नालॉजी से लेकर डेयरी प्रोसेसिंग, डेयरी मैन्युफैक्चरिंग, डेयरी पैकेजिंग जैसे क्षेत्रों में भविष्य बनाने का विकल्प युवाओं के सामने है। शासकीय डेयरी पालीटेक्निक की प्रोफेसर प्रीति खूंटे ने बताया कि इस क्षेत्र में रोजगार के भरपूर अवसर है। डेयरी टेक्नालॉजी पाठ्यक्रम में डेयरी टेक्नालॉजी, डेयरी केमेस्ट्री, डेयरी माइक्रोबायोलॉजी, डेयरी इंजीनियरिंग, एवं डेयरी बिजनेस मैनेजमेंट का प्रशिक्षण विद्यार्थियों को दिया जाता है। इस अवसर पर डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे, व्याख्याता थलज कुमार साहू सहित अकादमिक सदस्यों ने उत्पाद को खरीदे और खाने के बाद उत्पादों की तारीफ की।

जन्मदिन उत्सव
पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर सीएम साय ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को अपने निवास कार्यालय में पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्यायजी का जीवन राष्ट्रसेवा, अंत्योदय और त्याग की अद्वितीय मिसाल है। मुख्यमंत्री श्री साय ने उनके विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि अंत्योदय का संकल्प हमें समाज के हर वर्ग, विशेषकर वंचितों और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि दीनदयालजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सेवा और समाज कल्याण को समर्पित रहा। पंडितजी की विचारधारा हमें छत्तीसगढ़ को एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।

### तीन जिलों की छह शराब दुकानें 15 दिन रहेंगी बंद

**रायपुर।** राजिम कुंभ कल्प मेले के मद्देनजर छत्तीसगढ़ शासन ने 12 से 26 फरवरी तक शराब दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। महामाघी पूर्णिमा से लेकर महाशिवरात्रि तक चलने वाले इस धार्मिक मेले के दौरान श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, गरियाबंद जिले के राजिम, रायपुर जिले के गोबरा नवापारा और धमतरी जिले के मगरलोड सहित कुल 6 शराब दुकानें इस अवधि में पूरी तरह बंद रहेंगी। आबकारी विभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं। संबंधित जिलों के प्रशासन को इसका सख्ती से पालन कराने को कहा गया है। राजिम कुंभ कल्प मेले में हर साल लाखों श्रद्धालु देशभर से आते हैं। धार्मिक आयोजनों की पवित्रता बनाए रखने और श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से शराब बिक्री पर रोक लगाई गई है। प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं कि इस दौरान शराब की अवैध बिक्री न हो। इस निर्णय को लेकर स्थानीय लोग और श्रद्धालु दोनों ही संतुष्ट नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि धार्मिक आयोजन के दौरान शराब बिक्री पर रोक लगाना एक सकारात्मक पहल है, जिससे मेले की गरिमा बनी रहेगी और श्रद्धालु बिना किसी व्यवधान के धार्मिक अनुष्ठानों में शामिल हो सकेंगे।

### विद्यार्थियों ने सीखा अनुसूची तैयार करना

**रायपुर।** शासकीय नवीन महाविद्यालय गुढ़ियारी में बीए अंतिम भूगोल के विद्यार्थियों को डॉ. राजवंश कोहली सहायक अध्यापक भूगोल के मार्गदर्शन में सोमनाथ का भौगोलिक सर्वेक्षण कराया गया। इस अध्ययन में शिवनाथ एवं खारुन नदी का संगम, शिवलिंग का वैज्ञानिक अध्ययन, वनस्पतियां, जीव-जंतु, मिट्टी, जल, उच्चावच्च, यातायात, मानव बस्तियां, कृषि व्यवस्था, भूमि उपयोग, जलवायु एवं मानव जीवन का अध्ययन किया गया। साथ ही भौगोलिक अध्ययन में विद्यार्थियों में अनुसूची तैयार करना, सर्वेक्षण करना, मानचित्र बनाना, टेबुलेशन करना, तालिकाएं तैयार करना, विश्लेषण करना तथा प्रतिवेदन तैयार करना सीखा।

# दपूमरे ने लगातार तीसरे साल मालभाड़े से अर्जित किया 25 हजार करोड़


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में महज 316 दिनों, 10 फरवरी 2025 तक में ही 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का मालभाड़ा आय अर्जित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इस उपलब्धि के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने पहले स्थान पर अपनी स्थिति को बनाए रखा है। पिछले लगातार तीन वित्तीय वर्षों से यह रेलवे 25,000 करोड़ रुपये से अधिक का मालभाड़ा आय अर्जित करने वाला रेलवे बन चुका है। पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 के मुकाबले इस उपलब्धि को 19 दिन पहले प्राप्त किया गया, जबकि 2022-23 के मुकाबले यह सफलता 31 दिन पहले हासिल हुई। इस साल की आय पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि से 6.76% अधिक है, जो कि अन्य रेलवे क्षेत्रों से रु.1587 करोड़ की वृद्धि के साथ सबसे बड़ी बढ़ोतरी है।

## मालभाड़ा से आय 2024-25 में 6.76% वृद्धि, भारतीय रेलवे के अन्य क्षेत्रों से सबसे ज्यादा बढ़त

### भारतीय रेलवे में बढ़ रहा योगदान

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का भारतीय रेलवे के कुल मालभाड़ा आय में योगदान 17.20 प्रतिशत है, जो इसे एक महत्वपूर्ण भूमिका प्रदान करता है। इस शानदार प्रदर्शन के लिए महाप्रबंधक तरुण प्रकाश के कुशल नेतृत्व में इस रेलवे को औद्योगिक विकास में सहयोग देने के लिए सराहा जा रहा है। माल लदान के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन के चलते, इस वर्ष भी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा जल्द ही नए कीर्तिमान स्थापित किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है।



### औद्योगिक क्षेत्र को भी फायदा

इस सफलता से न केवल रेलवे, बल्कि देश के औद्योगिक क्षेत्र को भी फायदा हो रहा है, क्योंकि यह रेलवे भारत के पावरहाउस और उद्योगों के लिए महत्वपूर्ण वस्तुएं जैसे कोयला, लौह अयस्क, सीमेंट, उर्वरक, और मैंगनीज जैसी सामग्रियां पहुंचाता है। यह कीर्तिमान रेलवे क्षेत्र की लगातार बढ़ती प्रगति को दर्शाता है, जो औद्योगिक विकास और जनसमूह की आवश्यकताओं को पूरा करने में निरंतर योगदान दे रहा है।

## आंगनबाड़ी व शासकीय स्तर पर मतदाता सूची भी वितरित नहीं

# मतदाता भटकते रहे, मतदान केंद्र तथा वार्ड तक बदल गए





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- रायपुर शहर में पिछले साल से भी कम मतदान

राज्य के नगरीय निकाय चुनाव में रायपुर राजधानी में मतदाता यहां से वहां भटकते रहे। अनेक मतदान केंद्रों में मतदाता नाराज होकर मतदान न कर लौट गए। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पर्ची नहीं बांटने की वजह से यह स्थिति बनी। वहीं नगर निगम के लिए इसके कारण कम मतदान हुआ। पिछले साल जहां 52 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था, वह इस बार 50 प्रतिशत तक भी नहीं पहुंच पाया। रायपुर दक्षिण में जो मतदाता विगत 30-40 वर्षों से खोखो पारा स्कूल, सरस्वती स्कूल में मतदान करता रहा है, उसका नाम अमीन पारा स्कूल में चला गया। महंत लक्ष्मी नारायण दास वार्ड के लगभग ढाई 300 मतदाता ब्राह्मण पारा वार्ड में चले गए। तत्या पारा वार्ड के लगभग 500 मतदाता वार्ड क्रमांक 27 इंदिरा गांधी वार्ड में स्थानांतरित हो गए। कुशालपुर वार्ड के लगभग 500 मतदाता डबरी पारा में शिफ्ट हो गए। शांति नगर के मतदाता राजा तालाब में तथा राजा तालाब के मतदाता शांति नगर में भेजे गए। अनेक मतदाताओं के मतदान केंद्र भी परिवर्तित हो गए। इन सब विषम परिस्थितियों में मतदाताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मतदान न कर लौटे। इसका परिणाम है कि स्थानीय स्तर के चुनाव में मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहा है।

### परिसीमन की जानकारी और मतदाता सूची वितरित नहीं

निर्वाचन आयोग परिसीमन का सही तरीके से प्रचार-प्रसार न कर मतदाताओं को उनकी स्थिति के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं दिया गया। आंगनबाड़ी व शासकीय स्तर पर मतदाता सूची भी वितरित नहीं की गई। विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा दक्षिण के उपचुनाव में जिस तत्परता से प्रशासन ने काम किया था, वैसा मतदाताओं को जानकारी नहीं मिला। वार्डों में व महापौर के प्रत्याशी कम समय होने के कारण मतदाता पर्ची नहीं बांट पाए। चुनाव की घोषणा के तीन दिन बाद नामांकन पत्र दाखिल होने तथा प्रत्याशियों की घोषणा विलंब से होने के कारण भी मतदाताओं को सही जानकारी नहीं मिल पाई।

# अस्पतालों की समस्याओं पर आईएमए ने जताई चिंता, दूर करने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा निजी अस्पतालों के खिलाफ की गई निलंबन की कार्रवाई पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि योजनाओं को लेकर अस्पताल कम पैकेज, भुगतान जैसी कई समस्याओं जूझ रहे हैं। शासन और स्वास्थ्य विभाग को इससे अवगत कराया गया है मगर किसी तरह की राहत नहीं मिल रही है। आईएमए के पदाधिकारियों ने कहा कि आयुष्मान योजना में एपीएल और बीपीएल के मरीजों के इलाज के लिए एक ही पैकेज का निर्धारण किया है जो असंगत है। अपर्याप्त पैकेज और बढ़ती महंगाई के कारण अस्पताल गुणवत्तापूर्ण देखभाल प्रदान करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। स्थिति इस तथ्य से और भी खराब हो जाती है कि निजी अस्पतालों से सरकारी अस्पतालों से अच्छी देखभाल प्रदान करने की अपेक्षा की जाती है, जबकि शासकीय अस्पतालों के बुनियादी ढाँचे और कर्मचारियों की लागत सरकार द्वारा वहन की जाती है। उनके द्वारा सभी अस्पतालों के निलंबन को तत्काल समाप्त करने की मांग भी की है। आईएमए की शिकायत है कि आयुष्मान पैकेज में अपर्याप्त पैकेज, देरी से भुगतान पारदर्शिता का अभाव है। आईएमए ने चेतावनी दी है कि उनकी समस्याओं को हल नहीं किया गया तो इस योजना से निजी अस्पताल दूरी बनाएंगे जिसका खामियाजा गरीब मरीजों को भुगतना पड़ेगा।

### सिम्स में पीजी छात्रा को प्रताड़ना, सीएम तक शिकायत

*रायपुर। सिम्स बिलासपुर में महिला डॉक्टर के साथ मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना की शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। मेडिसिन विभाग की पीजी छात्रा द्वारा विभागाध्यक्ष पंकज डॉ पंकज टेम्बर्निकर पर शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। शिकायत की गई है कि आपातकालीन ड्यूटी के दौरान उनका फोन फेंकना और तोड़ना, ड्यूटी के दौरान मौखिक दुर्व्यवहार, अनुचित स्पर्श और एक शत्रुतापूर्ण कार्य वातावरण बनाना शामिल है। इन कार्रवाइयों ने न केवल उनके कर्तव्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने की क्षमता को बाधित किया है, बल्कि उनके संपूर्ण स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुँचाया है।*

# लड़की को माध्यम बनाकर राजधानी में नए पैटर्न में लूट

- लड़की ने बाइक रोकने हाथ से इशारा किया, नहीं रुकने पर आगे खड़े साथियों ने डंडे से वार कर की लूट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लड़की को माध्यम बनाकर बदमाशों ने राजधानी में नए पैटर्न में लूट की वारदात की है। जिनके साथ लूट की घटना हुई है, वह पेशे से वकील हैं। बदमाशों की पहचान हो गई है, लेकिन पुलिस उन लोगों को अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में आमानाका ओवर ब्रिज के नीचे रविवार देर रात साढ़े 11 बजे की है। पुरानी बस्ती निवासी अभिषेक कुमार तंबोली ने शगुन तथा बब्बन नाम के युवक के खिलाफ लूट की शिकायत दर्ज कराई है। अभिषेक ने पुलिस को बताया है कि घटना दिनांक को वह अपने एक अन्य साथी के साथ अपनी बाइक से सरोना के रास्ते यूनिवर्सिटी की तरफ आ रहे थे। इस दौरान आमानाका ओवरब्रिज के नीचे सरोना की ओर जाने वाले निर्माणाधीन सड़क के पास एक युवती ने हाथ से इशारा कर बाइक रोकने की कोशिश की। बाइक नहीं रोकने पर आगे खड़े एक युवक ने अभिषेक पर डंडे से वार करते हुए कहा कि लड़की के इशारा करने पर तुमने बाइक क्यों नहीं रोकी। इसके बाद लड़के ने अभिषेक तथा उसके साथी की डंडे से पिटाई कर बाइक में तोड़फोड़ कर अभिषेक की जेब में रखे पैसे लूट लिए। लूट करने वाले युवक तथा युवती की पहचान शगुन तथा बब्बन के रूप में हुई है।

# दिन में जारी रहेगा गर्मी बढ़ने का दौर रात में रहेगी हल्की ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



उत्तरी हवा का असर खत्म होने की वजह से अब दिन में गर्मी बढ़ने का दौर जारी रहेगा, मगर रात में ठंड का प्रभाव मौजूद रहने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में सुकमा का अधिकतम तापमान 35 डिग्री के पार हो गया रायपुर उसके करीब पहुंच गया। दिन में गर्मी बढ़ने का प्रभाव अगले तीन दिन तक रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक फरवरी में तापमान के उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहने की संभावना बनी रहेगी।राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होता रहेगा और उत्तरी हवा अभी शुष्कता लिए हुए हैं। राज्य के मैदानी इलाके में गर्मी का प्रभाव बढ़ने लगा है मगर अंबिकापुर, बलरामपुर जैसे इलाके में ठंड मौजूद है वहां रात और सुबह के वक्त काफी ठंड महसूस हो रही है, हालांकि में दिन में थोड़ी असहजता महसूस हो रही है। रायपुर में सुबह के वक्त बेहद मामूली ठंड है और दिन चढ़ने के साथ धूप की तेजी लोगों को परेशान कर रही है। दोपहर बाद गर्मी का अहसास हो रहा है जिससे शाम होते ही राहत मिल रही है। बस्तर का हाल भी मैदानी इलाके जैसा ही है। विशेषज्ञों के मुताबिक अभी एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर पाकिस्तान और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। बुधवार 12 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

### पिछले साल पड़े थे छींटे

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार फरवरी माह में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से हल्के रूप में बरसने और कभी-कभी ओलावृष्टि की संभावना भी बनी रहती है। पिछले साल रायपुर में 12 फरवरी को 6. 9 मिमी. बारिश दर्ज हुई थी। बीते दस सालों में केवल तीन बार फरवरी बिना बूंदाबांदी के गुजरा है। यहां सर्वाधिक 57 मिमी. बारिश 4 फरवरी 1917 को दर्ज की गई थी।

# खाद्य निगम के गोदाम में चावल लेने जगह नहीं, राइस मिलर परेशान

हरिभूमि न्यूज:रायपुर

प्रदेश राइस मिलर भारतीय खाद्य निगम के गोदाम में चावल के लिए जगह नहीं होने से परेशान हैं। यही नहीं, खाद्य निगम ने चावल के लिए लगने वाले नंबर विंग ऐप को ही वर्ष 24-25 के लिए ब्लॉक कर दिया है। अभी वर्ष 23 - 24 का ही चावल लिया जा रहा है, जिसके लिए भी पर्याप्त जगह उपलब्ध नहीं है।

कैट के प्रदेश प्रभारी अध्यक्ष परमानंद जैन ने राइस मिलरों की समस्या से अवगत कराने केन्द्रीय खाद्य मंत्री प्रहलाद जोशी और खाद्य सचिव तथा अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर भारतीय खाद्य निगम को पत्र लिखा है। दरअसल, इस बार छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 150 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसमें 43 लाख टन धान से चावल का निराकरण नागरिक आपूर्ति निगम में हो रहा है, जबकि 79.25 लाख टन धान से चावल का निराकरण भारतीय खाद्य निगम में होना है। इसके लिए भारतीय खाद्य निगम में जगह नहीं है। विभागीय अधिकारियों का कहना है गोदाम में एक वर्ष के पूर्व का चावल भी रखा हुआ है। चावल का मूवमेंट आवश्यक रूप से नहीं हो रहा है, जिससे जगह नहीं बन रही है। विदित हो, राज्य सरकार की ओर से 14 नवंबर 2024 से 31 जनवरी 2025 धान की खरीदी की गई है। उसमें अभी तक चावल अरवा रायपुर जिले में लेना शुरू नहीं किया गया है। चावल नहीं लेने पर राइस मिलों को धान में सूखत का नुकसान उठाना पड़ रहा है, वहीं काम नहीं चलने से मजदूरों की समस्या बनी हुई है, जबकि काम नहीं चलने से बिजली का न्यूनतम बिल भी मिलरों को भुगतान करना पड़ रहा है। समस्या का समाधान भारतीय खाद्य निगम छत्तीसगढ़ के अधिकारियों के पास नहीं है । चावल का मूवमेंट प्लान नहीं मिलने से छत्तीसगढ़ में अतिरिक्त अच्छी क्वालिटी का चावल की डिमांड की जाती है, ताकि गोदाम में चावल कम खराब हो।

# रायपुर निगम में भाजपा का ऐतिहासिक जीत का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



भारतीय जनता पार्टी के सांसद और रायपुर नगर निगम चुनाव के संयोजक बृजमोहन अग्रवाल तथा विधायक व रायपुर नगर निगम चुनाव सह-संयोजक राजेश मूणत ने कहा, नगरीय निकाय के लिए हुए मतदान ने यह साफ संदेश दे दिया है कि रायपुर नगर निगम में पिछले 15 वर्षों का कांग्रेस का कुशासन खत्म हो चुका है और भाजपा शानदार व ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है। भाजपा नेताओं ने कहा, मतदान के प्रति यह उत्साह और उमंग अटल विश्वास पत्र में व्यक्त भाजपा के संकल्पों और मोदी की गारंटी पर मुहर है। यह प्रदेश की मातृ–शक्ति का भाजपा के प्रति विश्वासपूर्ण अनुग्रह का परिचायक है। रायपुर में शहर-सरकार बनते ही भाजपा अपने संकल्प पत्र पर पूरी ईमानदारी के साथ अमल करेगी। श्री अग्रवाल व श्री मूणत ने कहा, मतदान के प्रति यह जागरुकता राजधानी को सँवारने के हमारे संकल्पों की बुनियाद सिद्ध होने जा रही है।

परिवर्तन की लहर पूरे प्रदेश के साख ही राजधानी में भी महसूस की जा रही थी, जिसमें कांग्रेस और कांग्रेस के भ्रष्ट, कमीशनखोर महापौरों व अध्यक्षों समेत निकायों में कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों का राजनीतिक तम्बू उखड़ने जा रहा है।

# प्रदेश के उद्योगपति मप्र के ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में होंगे शामिल

**रायपुर।** मध्य प्रदेश के एपीआईडीसी ने छत्तीसगढ़ के उरला इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्विन गर्ग की उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के उद्योगपतियों को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2025, भोपाल में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया है। मध्यप्रदेश सरकार के एनके शुक्ला ने मध्यप्रदेश में विभिन्न उद्योगों को लगाने के लिए मध्यप्रदेश सरकार की नई उद्योग नीति को बृहद रूप में प्रस्तुत किया और उद्योगपतियों ने इन्वेस्टर इंटेंशन पत्र भरे। इस सेमिनार में उन्होंने बताया, एपीआईडीसी 1 रुपए प्रति एकड़ की दर से सोलर बेस्ड इंडस्ट्रीज को भूमि प्रदान कर रहा है। सोलर जनरेशन के लिए बेहद सस्ती दरों में मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की सीमा पर असिंचित भूमि उपलब्ध कराएंगे। सोलर जनरेशन के लिए काफी उद्योगपतियों ने अपनी रुचि दिखाई है। छत्तीसगढ़ मे बिजली की बढ़ती दरों से उद्योग के उत्पाद बाजार में प्रतिस्पर्धा से बाहर होते जा रहे हैं। अध्यक्ष अश्विन गर्ग ने कहा, सोलर जनरेशन के द्वारा इस विकट समस्या का निराकरण संभव है, जैसा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुझाव पर सोलर की कई देश व्यापी योजनाएं प्राथमिकता से चलाई जा रही है। किन्तु छत्तीसगढ़ में सोलर जनरेशन हेतु भूमि की कमी होने से यहां के उद्योग सोलर जनरेशन आवश्कतानुसार नहीं कर पा रहे हैं।

## बूढ़ापारा के इंडोर स्टेडियम में हर माह 3.50 लाख बिजली खर्च, आमद जीरो

# निगम की प्रापर्टी में आमदनी अठन्नी खरचा रुपैया, मेंटेनेंस पड़ रहा भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में नगर निगम ने करोड़ों खर्च कर आम जनता की सुविधा के लिए अलग-अलग लोकेशन पर प्रापर्टी तैयार की, जिसमें हर माह सुरक्षा, सफाई, बिजली के नाम पर लाखों रुपये खर्च हो रहा है, लेकिन खर्च की तुलना में आमदनी नहीं होने से मेंटनेंस को लेकर दिक्कत आने लगी है।

चाहे वह बूढ़ापारा का सर्वसुविधा युक्त इंडोर स्टेडियम हो या बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण। यहां तक कि 49 करोड़ खर्च कर भाठागांव में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 6 साल से तैयार इंटर स्टेट बस टर्मिनल का भी कमोबेश यही हाल है। शहर के मध्य स्थित बूढ़ापारा में नगर निगम द्वारा राजधानी में विभिन्न अवसरों पर सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक व व्यावसायिक प्रयोजनों के लिए लोक निर्माण विभाग के माध्यम से इंडोर स्टेडियम को भव्य स्वरूप दिया गया। पूर्ण वातानुकूलित एवं सर्व सुविधा युक्त स्टेडियम का हर माह मेंटनेंस खर्च 3.50 लाख रुपये है। इसमें मुख्य रूप से चिलर प्लांट, देखरेख के लिए लगाये गये केयर टेकर, सुरक्षा के लिए सेक्युरिटी गार्ड का ठेका शामिल है।





### आउटडोर स्टेडियम में फूटी कौड़ी की गुंजाइश नहीं

बूढ़ापारा के आउटडोर स्टेडियम में नगर निगम पानी एवं बिजली का खर्च खुद उठा रहा है, जबकि प्रदेश में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने खेल विभाग की ओर से सांई को खिलाड़ियों के आवासीय हॉस्टल के प्रयोजन के लिए दिया गया है। इसमें नगर निगम को एक रुपये की कमाई नहीं है। बाकी के हिस्से में पूर्व में रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और उसके कंसलटेंट एजेंसियों को कक्ष आवंटित किया गया। इसके एवज में नगर निगम को किसी तरह का किराया नहीं मिला। हालांकि बाद में रायपुर स्मार्ट सिटी का दफ्तर सिटी कोतवाली का नया बहुमंजिला भवन बनने के बाद वहीं शिफ्ट कर दिया गया।

### बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट में मेंटनेंस के लिए एजेंसी तय नहीं

बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट के तहत 2 फेज में रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा 36 करोड़ खर्च कर तालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया, पर मेंटनेंस के लिए अब तक कोई एजेंसी तय नहीं की गई। साथ ही पार्किंग का ठेका, प्रक्रिया में उलझ कर रह गया। हालत ये है कि सौंदर्यीकरण के तहत लगाये गये कीमती लाइट में से ज्यादातर खराब हो चुकी हैं। दुर्गा मंदिर से लगे हिस्से में बच्चों के लिए तैयार किये गये ओपन जिम, फिसलपट्टी सहित अन्य मनोरंजन के उपकरण की हालत खस्ता हो गई है। मेंटेनेंस की व्यवस्था नगर निगम नहीं कर पा रहा है। तालाब के बीच में 5 करोड़ खर्च कर लगाया गया म्यूजिकल फाउंटेन सालों से बंद होने के कारण कबाड़ में तब्दील हो चुका है।

# रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने पकड़ा आदतन पॉकेटमार



**रायपुर।** रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने आदतन पॉकेटमार को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रमन कुमार के मार्गदर्शन और पोस्ट प्रभारी रायपुर के नेतृत्व में मंडल टास्क टीम, आरपीएफ पोस्ट रायपुर और गंज थाना रायपुर के संयुक्त अभियान के तहत की गई। गश्त के दौरान, स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया में यात्रियों के बीच हो हल्ला मचाते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम उमेश साहू उर्फ गोलू (40 वर्ष), निवासी शीतला मंदिर के पास, रामनगर, थाना गुढ़ियारी बताया। आरोपी ने आगे बताया कि वह यात्रियों के मोबाइल और पर्स चोरी करने के इरादे से स्टेशन पर आया था और उपद्रव मचा रहा था, जिससे उसे पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपी के पास से कोई आपत्तिजनक सामान बरामद नहीं हुआ, लेकिन उसके खिलाफ गंज थाना रायपुर में इस्तगासा क्रमांक 40/42/25 धारा 170, 126, 135(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को एसडीएम न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया गया।

## खबर संक्षेप



### तेज रफ्तार कार की चपेट में लोग बाल-बाल बचे

**भिलाई।** तेज रफ्तार एक कार तालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चालाते हुए तीन अलग-अलग जगह ठोकर मारने का मामला सामने आया है। फिलहाल बड़ा हादसा नहीं हुआ है। आसपास के लोगों ने कार चालक को पकड़ लिया। मिली जानकारी के मुताबिक सफेद रंग की कार चालक तेज रफ्तार से कार चलाते हुए आवंती बाई चौक होते हुए सुपेला लक्ष्मी नगर मार्केट की ओर रहा था। इस दौरान शराब दुकान, शिव प्रसाद होटल के पास समेत अन्य जगहों पर आसपास खडे लोगों को ठोकते हुए बाल-बाल बच गया। हादसे में कार का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है। घटना की शिकायत सुपेला पुलिस थाने में दर्ज नहीं कराई गई है। कार कौन चला रहा था। किसका है। अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। समय रहते कार नहीं रुकती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### कार्मिकों की पत्नियों ने किया संयंत्र का भ्रमण

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विभाग द्वारा, एलडीसीपी विभाग में कार्यरत कार्मिकों की पत्नियों के लिए आप भी जानिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानव संसाधन विभाग, कार्मिकों के परिवारजनों से अपनत्व एवं पारिवारिक रिश्ते को मजबूती प्रदान करने तथा उन्हें संयंत्र के उत्पादन गतिविधियों से परिचित कराने हेतु समय-समय पर “आप भी जानिये” कार्यक्रम का आयोजन करता है।

### बीएकेएस की आम सभा 23 को, इंजी.भवन में आयोजित होगी आमसभा


**भिलाई।** बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ की आमसभा 23 फरवरी को आयोजित हो रही है। उक्त आमसभा में यूनियन की साल भर की गतिविधियों को सदस्यों के साथ साझा किया जायेगा। यूनियन के आय व्यय के लेखा जोखा को भी जारी किया जायेगा। वर्तमान में सेल प्रबंधन के तानाशाही रवैये , पुराने यूनियनो के वर्षो से मठाधिश नेताओं के क्रियाकलापो से बीएसपी कर्मचारी काफी निराश है, बीएकेएस द्वारा लगातार मुद्दो को लिखित रुप से उठाने, सरकार, मंत्रालय के संज्ञान में लाने तथा अंत में न्यायालय की शरण में जाने पर सभी कर्मचारी बीएकेएस को आशाभरी नजरो से देख रहे है। उसी कड़ी में कर्मचारियों के साथ, आमसभा के माध्यम से यूनियन ने संवाद परिचर्चा का आयोजन किया है। बीएकेएस अध्यक्ष अमर सिंह व नवीन कुमार मिश्रा ने बताया कि यह सिर्फ आमसभा नहीं है बल्कि हमारे विभिन्न मुद्दों को हल कराने के लिए प्रतिशोध सभा है। नेताओं और निरंकुश मैनेजमेंट को संदेश देने के लिए ही आमसभा का आयोजन किया जा रहा है। कर्मचारियों के मांगों को पूरा कराना बीएकेएस का अंतिम लक्ष्य है। यूनियन मैनेजमेंट से लेकर, इस्पात मंत्रालय, पार्लियामेंट्री कमेटी से लेकर न्यायालय तक के सामने कर्मचारियों के मुद्दो को उठाने में पीछे नहीं है।

# रामनगर मुक्तिधाम के ठेका सफाई मजदूरों को तीन महीने से नहीं मिला वेतन

## दिवंगतों को सद्गति दिलाने वाले वेतन के लिए तरसे, कमिश्नर और मेयर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

मुक्तिधाम में काम करने वाले सेवाभावी कर्मियों की दिवंगतों को बतौर अंतिम संस्कार सद्गति दिलाने में अहम योगदान होता है। लेकिन शहर के विकास और कल्याण का दावा करने वाले नगर निगम भिलाई और इसके जिम्मेदारों का इसका एहसास नहीं है। रामनगर मुक्तिधाम में काम करने वाले ठेका सफाई कर्मचारी वेतन के लिए तरस रहे हैं। इसकी न तो ठेकेदार को सुध है और न ही निगम के



जिम्मेदार अधिकारी ही गंभीर हैं। रामनगर मुक्तिधाम में नगर निगम के पंद्रह ठेका सफाई ठेका मजदूर काम करते हैं। सफाई कर्मियों ने बताया कि पिछले तीन महीने से ठेकेदार संजय उपाध्याय ने वेतन का भुगतान नहीं किया है। वेतन मांगने पर ठेकेदार कहता है कि नगर निगम से ही पैसा नहीं मिल है तो फिर मैं कहां से तुम लोगों को तनख्वाह दूं। इसके पूर्व भी मुक्तिधाम के ठेका सफाई कर्मियों का दो दो तीन महीने का वेतन विलंब से मिला है। सफाई कर्मियों ने इसकी शिकायत कमिश्नर और मेयर से भी की लेकिन सभी हल्के में ले रहे हैं। तीन महीने का वेतन नही मिलने से घर चलाना मुश्किल हो रहा है। आर्थिक तंगी से राशन पानी और बच्चों की फीस तक नहीं दे पा रहे हैं। ठेका मजदूरों ने कमिश्नर व मेयर से जल्द लंबित वेतन दिलाने की गुहार की है।

### लकड़ियों से सजाते हैं चिता

राम नगर मुक्तिधाम में ठेका सफाई कर्मी पूरे परिसर की रोज सफाई करते हैं। इनका सबसे अहम काम शवदाह स्थलों पर दिवंगतों के शवों की चिता सजाना होता है। मूसलाधार बारिश हो या फिर कड़कड़ती ठंडा या भीषण गर्मी तीन से पांच क्विंटल लकड़ियां उठा उठाकर चिता पर सजाते हैं। फिर बांस आदि की काठी और कपड़ों आदि कचर को साफ करते हैं। सुबह से शाम तक इस श्रमसाध्य पुण्यकाम में जुटे रहते हैं।

# बीएसपी के प्रतिनिधियों ने जीती चेयरमैन ट्रॉफी

### डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स का अंतिम परिणाम घोषित

## सेल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

सेल में सुरक्षा संस्कृति में परिवर्तन-आगे की राह” विषय पर आयोजित (डायरेक्टर इंचार्ज ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स) युवा प्रबंधकों के लिए निदेशक प्रभारी ट्रॉफी का अंतिम परिणाम मंगलवार को घोषित किया गया। प्रतियोगिता में बीएसपी के प्रतिनिधियों ने चेयरमैन ट्रॉफी जीतकर सेल स्तरीय प्रतियोगिता “सीटीवाईएम के लिए अपनी जगह सुनिश्चित की है। विजेता टीम अब सेल स्तरीय “चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में बीएसपी का प्रतिनिधित्व करेगी। सेल स्तरीय प्रतियोगिता एमटीआई, रांची में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने अपने पेपर प्रस्तुत किए, जिनमें से 14 टीमों ने 1 और 2 फरवरी को चयन समिति के समक्ष अपनी प्रस्तुति दी। चयन समिति में कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, अध्यक्ष के रूप में शामिल थे। इसके अतिरिक्त, समिति में सदस्य के रूप में मुख्य महाप्रबंधक (पावर फैसिलिटी) राजीव पांडेय और चेयर प्रोफेसर (सुरक्षा अभियांत्रिकी और विश्लेषण, आईआईटी खड़गपुर) डॉ. ओ बी कृष्णा सहित मुख्य महाप्रबंधक निशा सोनी समन्वयक के रूप में उपस्थित थे।



### प्रथम विजेता को मिलेंगे 15 हजार

डायरेक्टर इन-चार्ज ट्रॉफी के तहत विजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 15,000/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा, साथ ही उन्हें युवा प्रबंधकों के लिए डायरेक्टर इन-चार्ज ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। प्रथम उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 10,000/- रुपये का नकद पुरस्कार और रनर अप ट्रॉफी दी जाएगी। द्वितीय उपविजेता टीम को प्रमाण पत्र और प्रत्येक सदस्य को 5,000/- रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

### यह रहे विजेता

इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया और अपनी उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में शीर्ष 3 स्थान प्राप्त करने वाली टीमों का चयन किया गया। विजेता टीम में सहायक महाप्रबंधक स्वाति प्रदीप, सहायक महाप्रबंधक अवनीश दुबे और सहायक प्रबंधक स्टीविन जॉर्ज शामिल हैं। इस टीम (टी-6) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।प्रथम उपविजेता टीम में भी कई प्रतिभाशाली सदस्य शामिल थे। इस टीम में वरिष्ठ प्रबंधक पी संतोष कुमार वरिष्ठ प्रबंधक अनु पी और प्रबंधक सौरभ कुमार पटेल शामिल हैं। इस टीम (टी-10) ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।द्वितीय उपविजेता टीम में सहायक महाप्रबंधक राखी तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक राजुल कुमार पाण्डेय और वरिष्ठ प्रबंधक श्वेत कुमार मिश्रा शामिल हैं। इस टीम (टी-11) ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

### गूगल मैप में होटल के रिव्यू का झांसा

# युवती से 29.21 लाख की ठगी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

गूगल मैप में होटल का रिव्यू देकर लाभ कमाने का झांसा देकर खाते से 29 लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञाद मोबाइल धारकों के खिलाफ पुलिस ने धारा 318 (4) बीएनएस 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि प्लाट नंबर 350/42 ईस्ट पंचशील नगर हरि नगर चरोदा निवासी चित्ररेखा सोरी नामक 24 वर्ष की युवती को अज्ञात मोबाइल धारकों ने पहले वाट्सअप पर एक लिंक भेजा था। उस लिंक को युवती ने ओपन किया तो उसमें होटल को गूगल मैप पर रिव्यू करने पर 200 रुपए मिलने का लालच दिखाया। लालच में आकर युवती ने रिव्यू किया उसके खाते में 200 रुपए भी आ गए। फिर दोबारा युवती ने रुपए कमाने के चक्कर में लिंक को लगातार ओपन कर रिव्यू देती रही। फिर युवती का ओटीपी मांगकर अज्ञात मोबाइल

- युवती एमए अंग्रेजी में पढ़ाई की है
- कर रही है प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

धारकों ने 3 से 6 फरवरी के मध्य खाते से 29 लाख 21 हजार 107.20 रुपए का ठगी किया। जब युवती ने खाते को चेक किया तो रुपए सब गायब मिले। परेशान होने के बाद युवती ने घटना की शिकायत पुलिस में किया है। आरोपियों ने फिर क्रिप्टो करेंसी का झांसा देकर एकाउंट बनाने को कहा लेकिन युवती के खाते में रकम नहीं था।

### रकम होल्ड करने में साइबर टीम जुटी

युवती के साथ हुए 29 .21 हजार 107 रुपए के ठगी मामले में शिकायत के बाद साइबर की टीम रकम को होल्ड करने का प्रयास में लगी हुई है।फिलहाल होल्ड को लेकर कोई भी अपडेट अभी सामने नहीं आया है। इसके अलावा जिस मोबाइल नंबर से लिंक पीड़िता को भेजा गया था।उक्त नंबरों को पुलिस ट्रेस करने में जुटी हुई है।

# तुलसी पूजा से प्राप्त होती है श्रीहरि कृपा : पं. पवन तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई



वार्ड 34 गांधी चौक में देवी भागवत कथा के अंतिम दिवस व्यासपीठ पं. पवन तिवारी ने तुलसी विवाह व उसका महत्व बताते हुए कहा कि तुलसी स्वर्ग और पृथ्वी का द्वार है। जो भी मनुष्य शालिग्राम रूप के साथ तुलसी का विवाह करता है उसको लोक-परलोक में विपुल यश प्राप्त होता है। जल के साथ तुलसी सेवन अमृत और स्नान से महाकुंभ स्नान का फल मिलता है। श्रद्धालुओं ने नगरवासियों की सुख-शांति और समृद्धि के लिए यज्ञ में आहुति डाली और भंडारे में हजारों लोगों ने महाप्रसादी का लाभ उठाया। नवमें दिन तुलसी विवाह, यज्ञ हवन और भंडारे के बाद कथा का समापन हुआ। आयोजन को सफल बनाने में साहू परिवार के दम्मूराम साहू, श्याम कुमार, राजेश, संजय, उषा, गंगा, गायत्री, प्रेमकिशन, सोनू-मोनू, दूज साहू व मां दुर्गा मंदिर समिति की ओर से शीला साहू, प्रीति गुप्ता,, राजेश चौधरी, लॉरेंस गुप्ता, शिल्पी सिंह आदि का सहयोग रहा। आयोजन समिति ने मीडिया सहित प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वालों का आभार जताया।

# पोलिंग आफिसर ने किए फर्जी हस्ताक्षर निर्दलीय प्रत्याशी नीता ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶। दुर्ग




- घटना की जानकारी बाद मचा हंगामा, जिला निर्वाचन अधिकारी से कार्रवाई की मांग

नगर निगम दुर्ग के चुनाव के दौरान दोपहर सिद्धार्थनगर में वार्ड नंबर 31 के मतदान क्रमांक 126 में उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई जब निर्दलीय प्रत्याशी ने पोलिंग आफीसर द्वारा कुछ मतदाताओं के फर्जी दस्तखत करने पर विरोध जताया। विरोध और हंगामा के बाद निर्दलीय प्रत्याशी नीता जैन ने जिला निर्वाचन अधिकारी से मामले की शिकायत की है। सुश्री जैन ने शिकायत में बताया है कि सिद्धार्थनगर वार्ड 31 के बूथ क्रमांक 126 (सरदार पटेल स्कूल) में पोलिंग आफीसर -1 शिव नारायण पटेल ने मतदाताओं के फर्जी हस्तारक्ष कर मतदान कराया। इसका मौके पर विरोध करने पर उन्होंने गलती हो गई कहकर माफी भी मांगी। इसकी शिकायत जिला निर्वाचन अधिकारी से की गई है। पांचवीं बार पार्षद का चुनाव लड़ रहीं जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन ने बताया कि शिकायत में उन्होंने फर्जी हस्ताक्षर किए जाने के मामले की जांच कर तत्काल जुर्म दर्ज किए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि जब मैं अधिवक्ता हूं और मेरे साथ जब ऐसी फर्जीवाड़ा हो सकता है तो फिर आम प्रत्याशी का क्या होगा।

# निगम के कर्मचारियों पर कसी नकेल फोटोग्राफ लोकेशन करेंगे शेयर



हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

भिलाई निगम अपने अधिकारियों व कर्मचारियों पर नकेल डालने जा रही है। कार्य स्थल से रोजाना अधिकारी हो या फिर कर्मचारी भ्रमण का फोटोग्राफ लोकेशन के साथ निगम के एक्टीविटी ग्रुप में शेयर करेगें। सभी कार्यो में निरंतरता लाने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन किसी भी जोन में जाकर निरीक्षण हेतु भ्रमण कर रहे है। संबंधितो को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दे रहे है। प्राप्त आदेशानुसार फिल्ड के सभी अधिकारी व कर्मचारी जो भी उनको दायित्व मिला है। अपने कार्य के क्षेत्रों में भ्रमण करेंगे। निरीक्षण के दौरान लोकेशन के साथ फोटोग्राफ भी डालेगे। क्या कार्य हो रहा है, कितना प्रगति हुआ है, समय सीमा के अंदर है, या बाहर, गुणवत्ता इत्यादि के बारे में सभी कार्यो का प्रगति के साथ गुगलशीट में अपलोड करेगें।

- कार्य स्थल पर मौजूदगी की सख्त मॉनिटरिंग

### एजेंसी के कार्यों की होगी समीक्षा

आयुक्त पाण्डेय द्वारा प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक लिया जाता है। जिसमें सभी अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा संपादित किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की जायेगी। सभी अधिकारी कर्मचारी जब फिल्ड में रहेगे, तो संबंधित एजेंसी भी अच्छे से कार्य करेगी। एक सकारात्मक दबाव रहेगा । प्रमुख रूप से साफ-सफाई, निर्माण, उद्यान, परियोजना, जल वितरण, संपत्तिकर, भू-भाटक, जलकर, आदि से संबंधित सभी अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों के साथ कार्य करते हुए प्रतिदिन का फोटोग्राफ निगम के एक्टीविटी ग्रुप में शेयर करेगें।

### ये होंगे शामिल

इसमें चीफ इंजीनियर, अधीक्षण अभियंता, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, जोन सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सुपरवाईजर, सभी अभियंतागण, शहरी अजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास, पेंशन, मोर संगवारी, आयुष्मान कार्ड, भवन अनुज्ञा, वाहन शाखा, अवैध निर्माण, उद्यान, शहरी अजीविका मिशन के मिशन मैनेजर, सी.ओ., तोड़फोड़, आवारा पशु पकड़ने वाले इत्यादि अन्य कार्यो के लिए प्राप्त निर्देशानुसार शामिल रहेगे।

# जेएलएन हॉस्पिटल में जेरिएट्रिक ओपीडी शुरु, मिलेगी मरीजों को सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

जवाहरलाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केंद्र सेक्टर 9 में वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित जेरिएट्रिक आउटपेशेंट विभाग (ओपीडी) का उद्घाटन किया गया। जेरिएट्रिक ओपीडी 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वृद्ध नागरिकों के विशिष्ट चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा



करने के लिए विशेष क्लिनिकल परामर्श प्रदान करेगा। ओपीडी नियमित स्वास्थ्य जांच, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, गठिया, मनोभ्रंश जैसी पुरानी बीमारियों के प्रबंधन और पोषण संबंधी परामर्श जैसी स्वास्थ्य सेवाओं की एक व्यापक सुविधाएँ प्रदान करेगा। एसीएमओ डॉ. दीप्ता प्रदीप सरकार, जो कि जेरिएट्रिक सोसाइटी ऑफ इंडिया द्वारा प्रमाणित जेरिएट्रिक केयर गिवर हैं, इससे सम्बंधित विभिन्न परामर्श सेवाओं का नेतृत्व करेंगी।

# राशन दुकान से रात में पीडीएस चावल हो रहा है पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिलाई

खुर्सीपार क्षेत्र के राशन दुकानों में पीडीएस चावल की तस्करी बेखौफ तरीके से जारी है। अब तस्कर रात

- जिले में जमकर चल रहा है कारोबार, खाद्य विभाग ने नहीं की कार्रवाई
- कैंप का बड़ा कोचिया भी सक्रिय, राइस मिलों में खपता है चावल

के अंधेरे में तस्करी करना शुरु कर दिया है। इन तस्करों को छुटभैया बंटी गाइड लाइन कर रहा है।

इसके कारण गरीबों को मिलने वाला पीडीएस चावल लोगों से दूर होता जा रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक खुर्सीपार का त्रिदेवी रात के अंधेरे में पीडीएस का काम बेखौफ तरीके से करना शुरु कर


चरोदा, खुर्सीपार, कैम्प, जामुल में बेखौफ कारोबार
पीडीएस चावल की तस्करी जिले के लिए बना नासूर

दिया है। इसके साथ कई राशन दुकान के संचालक भी शामिल है। इनके पूरी तरह से संरक्षण देने वाले छुटभैया बंटी है।

इसी के इशारे में त्रिदेवी समेत उसके लोग पीडीएस तस्करी करते रात के अंधेरे में दिखाई देते है। एक समय में बंटी की हालत ऐसी थी की आसपास कोई भटकता भी नहीं था लेकिन वर्ष 2003 में पीडीएस चावल के कारोबार में कूदने के बाद अपना अलग गुट बनाकर चावल तस्करी कराया करता है। बंटी छुटभैया होते हुए ही निगम में भी अब काम लेने लगा है। गरीबों के चॉवल की खुर्सीपार में तस्करी इस कदर बढ़ गई है कि राशन दुकान के संचालको से राशनकार्ड धारी राशन लेने पहुंचते है।

लेकिन उन्हें राशन तक नहीं मिल पाता है। बंटी और त्रिदेवी पर निकाय चुनाव होते ही गाज गिरने वाली है। इनकी संपत्ति से लेकर राशन दुकानों की जानकारी प्रशासन द्वारा खंगाला जा सकता है। सीएमओ से छुटभैया बंटी और त्रिवेदी की शिकायत भी हो चुकी है। बकायदा दुर्ग के खाद्य विभाग समेत उक्त दोनों का फाइल तैयार हो रहा है। चरोदा का राशन दुकानों से चॉवल की तस्करी जी केबिन का सानू करता है।

### 80 लाख रुपए का फर्जीवाडा करने वाला भी कैम्प में सक्रिय

जानकारी के मुताबिक दो साल पहले ही 80 लाख रुपए का राशन फर्जीवाडा हुआ था। इस फर्जीवाडे में खाद्य विभाग के अफसर पर भी गाज गिरी थी। शुभम उर्फ कारु समेत चार के खिलाफ पुलिस ने धारा 419, 420, 467, 468, 471, 3, 7 ईसी एक्ट के तहत कार्रवाई हुई थी। लेकिन शुभम कारु पीडीएस तस्करी का काम इससे छुट नहीं रहा है। कारु कैम्प क्षेत्र का बड़ा कारोबार फैला रखा है। इसके टीम में नवीन सिंग, सूरज कुमार साव भी है। जो पीडीएस चॉवल की तस्करी बैखौफ तरीके से करते आ रहे है। लेकिन इन पर मेहरबानी खाद्य विभाग की बराबर बनी हुई है। इसके अलावा काके, निक्की, श्रीपाल,संजय,काला चंदन, दुर्गा अजय, अक्षय और दलाल नीरज, ज्ञानू पीडीएस चॉवल तस्करी कराते है।

# रिश्तेदार बनकर घर पहुंचा और शनि ग्रह दूर करने का झांसा देकर ठग लिए जेवर व नकदी

**बालोद।** ग्राम चाराचार के एक परिवार के घर आए एक अज्ञात व्यक्ति ने अपने आप को रिश्तेदार बताकर व घर में शनिग्रह का डर दिखाकर घर के लोगों को शनिग्रह दूर करने के लिए सामान लाने भेजकर सोने चांदी के जेवरात समेत एक हजार नकदी समेटकर फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर 11 फरवरी को थाना रनचिराई में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305, 318(4), 331(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम चाराचार निवासी हरिराम यादव ने बताया कि 18 जनवरी को दोपहर मेरी मां बैसाखीन बाई यादव और मेरे बच्चे घर में थे। उसी समय एक व्यक्ति जो ग्राम पुरूर का हूं, आपके रिश्तेदारी में मामा हूं बोला और मेरे मामा लोग का नाम बताया। इस पर हम लोगों ने भी उससे अच्छे से बातचीत की। फिर बच्चों के साथ उसने भी खाना खाया और खाना खाने के बाद घर में बैठा था। दोपहर को मेरे पिता छन्नुलाल यादव बकरी चराकर घर वापस आए। वह व्यक्ति पिता जी के साथ जीजा बोलकर बातचीत करने लगा। इस बीच उसने बताया कि वह बैगा काम करता है। इस पर जब मैंने कहा कि हमें कोई काम नहीं कराना है। उसके बाद मैं बकरी चराने के लिए चला गया।



## खबर संक्षेप

### बिजली कंपनी के इंजी. से पांच लाख की ठगी

**भिलाई।** बिजली कंपनी के इंजीनियर के मोबाइल पर बिना लेनेदन के ओटीपी आया। उसके बाद उनके खाते से 5.29 लाख रुपए पार हो गए। बैंक पहुंचकर पतासाजी करने के बाद घटना की शिकायत पुलिस थाने में दर्ज कराया गया। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि प्लाट नं. 46 सड़क 1 पुष्पक नगर दुर्ग निवासी बिजली कंपनी के इंजीनियर अनिल मैथ्यु व उनकी पत्नी एलिजाबेथ के साथ ज्वाइंट खाता आईसीआईसीआई बैंक नेहरू नगर में है। 5 जनवरी को इंजीनियर (सहायक यंत्री जामुल) अनिल के मोबाइल पर एक ओटीपी का मैसेज आया। उसके बाद खाते से रुपए ट्रांसफर हो गए। लेकिन उक्त रुपए को अज्ञात ने निकाला है। जबकि दोनों पति पत्नी ने बैंक से कोई लेनदेन नहीं किया। घटना होने के बाद इंजीनियर ने तुरंत बैंक कस्टमर केयर से संपर्क कर संदिग्ध लेन देन को लेकर सूचना दिया। रुपए इंटरनेट बैंकिंग से निकाला गया है। तुरंत पीड़ित ने 1930 में कॉल कर सूचना दिया।

### जहर सेवन करने से वृद्ध की मौत, जांच जारी

**भिलाई।** होटल में जहर सेवन करने से एक वृद्ध की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। छावनी पुलिस ने बताया कि दल्ली राजहरा निवासी रामकृष्ण साहू 65 वर्ष अपने रिश्तेदार के घर बैकुंठधाम आया हुआ था। उसके बाद होटल आशीष पार्क के कमरा नंबर 104 में जाकर 8 फरवरी को कमरा लिया था। कमरा बहुत देर से नहीं खोल रहा था। होटल कर्मियों ने दरवाजा खोलकर देखा तो वृद्ध की मौत हो चुकी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची। शव का पीएम कराया गया जिसमें जहर सेवन से मौत होने की जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि राम कृष्ण अपने कुल्हे के दर्द से काफी परेशान था। उपचार के लिए परिजनों एम्स रायपुर लेकर गए थे उपचार माह भर तक चलने की जानकारी लगने पर होटल में आकर रुक गए थे। परिजनों को दर्द से परेशानी से आत्महत्या करने की बात कहा करते थे।

### शिक्षक के यहां चोरी

**भिलाई।** शिक्षक के मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और घरेलू सामान पार हो गया है।



शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली सेक्टर निवासी सुरेश कुमार महिपाल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भनसुली आर में शिक्षक के पद पर है। 8 फरवरी की शाम अपने मकान में ताला जड़कर परिवार समेत कार्यक्रम देखने ससुराल गनियारी गए हुए थे। घर की चाबी पड़ोसी को दिया था। 9 फरवरी की दोपहर पड़ोसी ने फोनकर बताया कि घर का ताला नहीं दिख रहा है। पीड़ित आया तो घर के भीतर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आलमारी में रखे सारे जेवरात, 40 हजार रुपए सायकिल, सिलेंडर गायब मिला।

**व्यवस्था : एक आदर्श मतदान केंद्र और दो संगवारी मतदान केंद्र रहे विशेष आकर्षण का केंद्र**

# आदर्श मतदान केंद्र में सुविधा और सुकून के बीच मतदाताओं ने डाले वोट, बताया अनूठा अनुभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

नगरीय निकाय निर्वाचन के अंतर्गत बेमेतरा जिले में मतदान प्रक्रिया का सफल और शांतिपूर्ण संचालन किया गया। इस चुनाव में बेमेतरा जिले के अंतर्गत एक नगर पालिका परिषद और 9 नगर पंचायतों में कुल 171 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इन केंद्रों में से एक आदर्श मतदान केंद्र और दो संगवारी मतदान केंद्र विशेष आकर्षण का केंद्र बने रहे, जिन्होंने न केवल मतदाताओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया, बल्कि एक नई मिसाल भी पेश की।नगर पालिका परिषद बेमेतरा के शासकीय कन्या विद्यालय में स्थित आदर्श मतदान केंद्र को चुनावी प्रक्रिया के एक नए मापदंड के रूप में स्थापित किया गया। यह मतदान केंद्र अपने अनूठे और सुविधाजनक माहौल के कारण मतदाताओं के बीच खासा लोकप्रिय रहा।

यहाँ पर मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ की गईं, जिसमें मुख्य रूप से पर्याप्त छाया, पेयजल, और बैठने की सुविधाओं का ध्यान रखा गया। मतदाताओं के आराम और सुविधा के लिए केंद्र को एक आदर्श स्थान के रूप में तैयार किया गया। विशेष रूप से यहाँ की गार्डनिंग ने मतदाताओं का ध्यान आकर्षित किया। बेमेतरा एक कृषि प्रधान जिला है, और इसे ध्यान में रखते हुए इस केंद्र पर कृषि और उद्यानिकी से संबंधित पौधों को प्रदर्शित किया गया था। इस पहल ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाई बल्कि मतदाताओं को एक नई दृष्टि भी दी।



### बागवानी और हरियाली

यह मतदान केंद्र कृषि और उद्यानिकी के मेल से सजा हुआ था। यहाँ विविध प्रकार के बागवानी पौधे लगाए गए थे, जो न केवल वातावरण को सुंदर बना रहे थे, बल्कि मतदाताओं के लिए एक प्रेरणास्रोत भी थे। इस अनूठी सजावट ने मतदाताओं को यह महसूस कराया कि मतदान केवल एक जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक सुखद अनुभव भी हो सकता है। मतदाताओं ने बागवानी की सराहना की और इसे जिले की कृषि प्रधानता से जोड़ते हुए कहा कि यह मतदान केंद्र जिले की पहचान को भी प्रतिबिंबित करता है।

### महिलाओं के लिए विशेष प्राइवेसी

महिला मतदाताओं की सुविधा और निजता का विशेष ख्याल रखा गया। उनके लिए अलग से कक्ष बनाए गए थे, जहाँ वे सुरक्षित और आरामदायक माहौल में मतदान कर सकें। महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और इसे उनके प्रति संवेदनशीलता का उदाहरण बताया।

### संगवारी मतदान केंद्र

संगवारी मतदान केंद्रों की स्थापना विशेष रूप से बेमेतरा के वार्ड 21 में की गई थी। इन केंद्रों का उद्देश्य था समुदाय के लोगों को एक साथ जोड़ना और उनकी सहभागिता को बढ़ाना। यह केंद्र सांस्कृतिक और सामुदायिक एकता के प्रतीक बने और विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के बीच लोकप्रिय रहे। इन केंद्रों का माहौल न केवल शांतिपूर्ण था बल्कि सभी के लिए स्वागतयोग्य भी था, जिससे हर वर्ग के मतदाताओं को आसानी से मतदान करने में मदद मिली।

### सुविधाएं और आकर्षण

संगवारी मतदान केंद्रों को भी विशेष रूप से सुसज्जित किया गया था। यहाँ भी मतदाताओं के लिए छाया, पानी और बैठने की सुविधा दी गई थी। साथ ही इन केंद्रों में सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सांस्कृतिक झलकियाँ भी प्रस्तुत की गईं। मतदाताओं ने इन केंद्रों को अपने समाज से जोड़ते हुए इसे एक उत्सव की तरह महसूस किया। विशेषकर युवाओं ने संगवारी केंद्रों को लेकर उत्साह दिखाया और यहाँ सेल्फी लेने का भी आनंद उठाया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा की सुविधा

मतदान केंद्र में निःशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा की सुविधा प्रदान करना मतदाताओं के लिए एक सकारात्मक अनुभव था । इससे न केवल मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाया, बल्कि मतदान के साथ साथ लोगों के स्वास्थ्य की जांच भी कि गई ।

### मतदाताओं की प्रतिक्रिया

मतदाताओं ने इन विशेष केंद्रों पर मिल रही सुविधाओं और आकर्षण की प्रशंसा की। कई मतदाताओं ने इसे मतदान और मनोरंजन का अनूठा मेल कहा। कुछ मतदाताओं ने कहा कि यहाँ आकर ऐसा महसूस हुआ जैसे वे पार्क में घूमने आए हों, और मतदान भी एक आनंददायक अनुभव बन गया। यह मतदान केंद्र न केवल मतदान की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में सफल रहे, बल्कि मतदाताओं के लिए एक सामाजिक और सांस्कृतिक अनुभव का केंद्र भी बने।



### सेल्फी जोन और बच्चों के लिए प्ले ज़ोन

आदर्श मतदान केंद्र की एक और विशेष पहल थी सेल्फी जोन, जहां मतदाता अपने मतदान के बाद गर्व से सेल्फी लेते नजर आए। यह जोन न केवल युवाओं के लिए बल्कि सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना। यह पहल मतदाताओं के बीच जागरूकता और उत्साह पैदा करने के साथ ही चुनावी प्रक्रिया को और भी जीवंत बनाने में मददगार साबित हुई। बच्चों के लिए प्ले ज़ोन की व्यवस्था की गई थी, जहाँ वे खेलते-कूदते समय बिता सकते थे, जबकि उनके माता-पिता निश्चिंत होकर मतदान में हिस्सा ले रहे थे। इस प्ले जोन ने बच्चों के साथ आए मतदाताओं को एक बड़ी सुविधा दी, जिससे उन्हें मतदान के दौरान किसी प्रकार की चिंता नहीं रही। इस पहल ने बच्चों को भी मतदान केंद्रों के प्रति सकारात्मक नजरिया दिया, जिससे भविष्य में वे भी अपनी जिम्मेदारी को समझें।

## आनंद मेले में विद्यार्थियों ने लगाए खाने-पीने और खेल संबंधी स्टॉल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में हुआ आयोजन

लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आनंद मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के खान-पान, फल एवं खेल-कूद से संबंधित स्टाल लगाए गए, जिससे न केवल उनके उद्यमशीलता कौशल का विकास हुआ, बल्कि आत्मनिर्भरता की भावना भी जाग्रत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता गौतम एवं मुख्य अतिथि ताराचंद माहेश्वरी समाजसेवक, सुदेशा चटर्जी के द्वारा रिबन काटकर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. विनीता गौतम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वावलंबन एवं आत्मनिर्भरता ही एक सफल जीवन की कुंजी है। आनंद मेला न केवल एक मनोरंजक कार्यक्रम है, बल्कि यह विद्यार्थियों को व्यावसायिक दृष्टिकोण, प्रबंधन कौशल एवं आत्मविश्वास विकसित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है।



कार्यक्रम का संचालन डॉ. मेघा तिवारी एवं दीनानाथ सारथी ने किया। महाविद्यालय के सभी अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्राएं इस आयोजन में सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और मेले का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं में व्यावहारिक शिक्षा, नेतृत्व क्षमता एवं आत्मनिर्भरता के गुणों का विकास हुआ, जिससे उन्हें भविष्य में अपने सपनों को साकार करने की प्रेरणा मिली।

## मानस महोत्सव में बेलमांड व बोरेंदा की मंडली को मिला प्रथम पुरस्कार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ आदर्श बाल मानस मंडली द्वारा ग्राम हसदा में किया गया आयोजन

आदर्श बाल मानस मंडली द्वारा ग्राम हसदा में 2 दिवसीय संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मौनी महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। अंचल की कुल 20 मंडलियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान गुरु कृपा मानस मंडली बेलमांड बालोद ने प्राप्त किया। द्वितीय किंकर मानस मंडली नंदिनी नगर अहिवारा, तृतीय मां शारदा मानस मंडली नवागढ़ बेमेतरा, चतुर्थ श्री मुक्ता मानस मंडली खुर्सीपार, पंचम आदर्श मानस मंडली भरचट्टी बेमेतरा, छठवां सरस्वती मानस मंडली कपसदा, सप्तम सत्यम शिवम सुंदरम मानस मंडली साजा, अष्टम श्री राम सेवा सत्संग समिति पीपर भट्ठा बेमेतरा, नवम भजनांजली मां घोटवानी बेमेतरा, दसवां पुरस्कार श्री मारुति कृपा मानस मंडली नंदकट्ठी को प्रदान किया गया। वहीं, महिला वर्ग में प्रथम श्री तुलसी के संदेश मानस मंडली बोरेंदा, द्वितीय शिव प्रिय बालिका मानस मंडली रुवातला, तृतीय जय मां गौरी मानस मंडली अरौंद, चतुर्थ प्रतिज्ञा बालिका मानस मंडली नवागढ़ रही। इसी तरह विशेष पुरस्कार गायन श्री रामकृष्ण महिला मानस मंडली महासमुंद, व्याख्या वैष्णव बंधु मानस मंडली पेंड्री गोबरा, तबला नवयुवक मानस मंडली गोड़ी, बांसुरी मां शारदा मानस मंडली नवागढ़, आर्गन प्रभु के आशीर्वाद मानस मंडली बहेरा को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोमलाल साहू संयोजक पंचवटी रिसाली भिलाई ने किया। निर्णायक के रूप में व्याख्या पक्ष में मानस मणि चोवा राम साहू हिंद नगर भिलाई संगीत पछ में जीवन लाल साहू रसमड़ा का विशेष सहयोग रहा। संयोजन संतोष शर्मा व देवलाल सिन्हा ने किया। मां भद्रकाली जिला मानस संघ के पदाधिकारियों का सम्मान अतिथि के रूप में किया गया। वहीं वरिष्ठ दान दाताओं के क्रम में प्रथम दिवस में मुख्य अतिथि डॉ चुरामन साहू, नारानतक पाल द्वितीय दिवस में भारतीय विष्णु वर्मा ,डा सोमनाथ साहू का सम्मान किया गया। संघ की ओर से माखन साहू उपाध्यक्ष राजकुमार ताम्रकार संरक्षक उत्तम साहू, महेश साहू, बिहारी लाल यदु, विष्णु साहू, राजेश वैष्णव विनय ताम्रकार कार्यक्रम में शामिल हुए। आभार प्रदर्शन समिति के अध्यक्ष गुहाराम ने किया।

## खपरी धोबी स्कूल में मनाई गई संत रविदास की जयंती...




**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला खपरी धोबी में महान संत रविदास की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम ने संत रविदास के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वे बहुत परोपकारी और दयालु थे। वे आम जनमानस को धार्मिक अंधविश्वास से दूर रहने का संदेश देते थे। विद्यालय के प्रधान पाठक धनेश रजक ने भी संत रविदास जी पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## पूर्व पार्षद की कार से मिली चांदी की मूर्ति कांग्रेस व भाजपा समर्थकों में झूमा-झटकी

**भिलाई।** चांदी की मूर्ति के साथ पूर्व पार्षद पकड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना मतदान के एक दिन पहले रात की है। मिली जानकारी के मुताबिक आरोप है कि वार्ड 24 हाउसिंग बोर्ड फौजी नगर में वार्ड पार्षद का उप चुनाव चल रहा था। मंगलवार को मतदान हुआ। लेकिन सोमवार की रात पूर्व पार्षद नितेश यादव चांदी की मूर्तियों के साथ पकड़ाया हैं। इसे लेकर भाजपा के लोगों ने जमकर विरोध जताया था। सूचना मिलने पर भाजपा समर्थकों ने पुलिस को खबर दी मौके पर पहुंची पुलिस ने पूर्व पार्षद नितेश यादव की कार सीजी 07 बीए 7868 से चांदी की 4 मूर्तियां और खाली डिब्बों को जब्त किया हैं। घटना के बाद रात को ही भाजपा कांग्रेस समर्थक आमने सामने आ गए थे। पूर्व पार्षद नितेश यादव प्रत्याशी के लिए कार में वोट मांगने निकला था। भाजपाइयों को शक होने पर वार्ड के मतदाताओं को कुछ प्रलोभन देने की कोशिश करने की जानकारी जुटाई। कंफर्म होने के बाद लोगों ने नितेश यादव की कार समेत घेर लिया। कार की तलाशी लेने पर से चांदी की गणेश और लक्ष्मी की मूर्तियां बरामद हुई।

# चर्रा कुरुद व दर्रीपार कुरूद की मानस मंडली ने जीती मानसगान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ गौरव ग्राम निपानी में मानस प्रचार समिति द्वारा किया गया तीन दिवसीय आयोजन

गौरव ग्राम निपानी में मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में त्रिदिवसीय मानस गान प्रतियोगिता संपन्न हुई। छत्तीसगढ़ अंचल की 21 मानस मंडलियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र जी के पावन आदर्शों के चरित्रों का बखान किया। उक्त कार्यक्रम में तीनों दिवस मंच संचालन उद्घोषक रमेश कुमार गंगबेर निपानी ने किया। प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्गों के लिए पुरस्कार रखे गए थे। पुरूष वर्ग में प्रथम पुरस्कार रघुवर मानस परिवार चर्रा कुरुद ने प्राप्त किया, दूसरा पुरस्कार श्री राजीव लोचन मानस परिवार राजिम ने लिया एवं तीसरा पुरस्कार हरि कीर्तन मानस परिवार नेताम टोला अं.चौकी, चतुर्थ पुरस्कार मां की ममता मानस मंडली चिल्हाटी उत्तर बस्तर एवं पांचवा पुरस्कार नूतन ज्योति मानस मंडली पीपछेड़ी ने प्राप्त किया। इसी तरह महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार पुष्पांजलि मानस परिवार दर्रीपार कुरूद, दूसरा तन्मय बालिका मानस मंडली भरदाखुर्द, तीसरा सुरभि महिला मानस मंडली रामनगर भिलाई, चौथा युग तुलसी मानस परिवार कपसदा एवं पांचवा पुरस्कार वंदना मानस परिवार आमापारा बालोद ने प्राप्त किया। चौरस कुमार गंगबेर निपानी ने बताया कि व्याख्या, गायन, संगीत अनुशासन में भी विभिन्न मंडलियों को पुरस्कृत किया गया। समापन दिवस पर विशाल भंडारा का आयोजन भी किया गया था। रामचरित मानस प्रतियोगिता आयोजन में संरक्षक कृपाराम साहू, डा.गिरधारी साहू, हिंछा राम साहू, अध्यक्ष भूषण लाल साहू, सचिव अशोक कुमार श्रवण, उपाध्यक्ष डोमार सिंह साहू, कोषाध्यक्ष पवन कुमार चंद्राकर, सहसचिव कमलेश श्रवण सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष सहयोग रहा।



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 14,500/
रिजर्वेशन कोच (11 दिन)
19 फरवरी से 01 मार्च 2025, 19 मार्च से 29 मार्च 2025, 09 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 07 मई से 17 मई 2025, 04 जून से 14 जून 2025
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-14500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport